**GREENLAWNS HIGH SCHOOL FINAL EXAMINATION (2024 - 2025)**

**SUBJECT : HINDI (II Language)**

**CLASS : IX A,B,C** **Marks : 80**

**Date : 17/02/2025** **Time : 3 hours**

---

**Answers to this paper must be written on the paper provided separately.**
**You will not be allowed to write during the first 10 minutes.**
**This time is to be spent in reading the question paper .**
**The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.**

---

**This paper comprises of two sections – Section A and Section B**
**Attempt all the questions from section A.**
**Attempt any three questions from section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any one other questions.**
**The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets** [ ].

---

**SECTION 'A' (40 Marks)**
**Attempt all questions**

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following Topics. [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी मेंल लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :

i) 'संवाद कला बहुत लाभदायक होती है परंतु अति हर वस्तु की घातक होती है।' अपने किसी परिचित के बारे में बताइए, जो अधिक बोलता हो । किसी ऐसी घटना का भी वर्णन कीजिए जब वह अधिक बोलने के कारण मुसीबत में फँसा।

ii) जीवन में मनोरंजन प्रदान करने के साथ - साथ सुख समृद्धि भी देते हैं । विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है । अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन करें तथा यह खेल भविष्य में आपको कैसे लाभान्वित कर सकता है, निबंध में अपने भविष्य की योजनाएं भी बताइए ।

iii) भारत देश में 'ऑनलाइन खरीदारी' का प्रचलन बढ़ता जा रहा है । यह सुविधाजनक होने के साथ - साथ हानिकारक भी है । इस विषय के सभी बिंदुओं पर ध्यान देते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

iv) एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो - 'सब दिन होत न एक समान' ।

v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णनकीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2**

Write a letter in hindi in approximately 120 words on any one of the following topics given below. (7)

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

1) विध्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए 'आरo ओ0 ' लगाए जाने का अनुरोध रखते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।
2) स्वस्थ शरीर सम्पूर्ण जीवन का आधार है । अपनी छोटी बहन को स्वस्थ रहन के उपाय तथा योगा करण के लिए प्रोत्साहित करते हुए पत्र लिखिए ।

Question 3

Read the passage given below and answer in hindi the question that follow , using your own words as far as possible. (10)

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

किसी कुएँ में एक मेढक रहता था। एक बार समुद्र का एक मेढक कुएँ में आ पहुँचा तो कुएँ के मेढक ने उसका हालचाल, अता-पता पूछा। जब उसे ज्ञात हुआ कि वह मेढक समुद्र में रहता है और समुद्र बहुत बड़ा होता है तो उसने अपने कुएँ के पानी में एक छोटा-सा चक्कर लगाकर उस समुद्र के मेढक से पूछा कि क्या समुद्र इतना बड़ा होता है? कुएँ के मेढक ने तो कभी समुद्र देखा ही नहीं था। समुद्र के मेढक ने उसे बताया कि इससे भी बड़ा होता है। कुएँ का मेढक चक्कर बड़ा करता गया और अंत में उसने कुएँ की दीवार के सहारे-सहारे आखिरी चक्कर लगाकर पूछा- "क्या इतना बड़ा है तेरा समुद्र?″ इस पर समुद्र के मेढक ने कहा- "इससे भी बहुत बड़ा।" उसने कह दिया "जा तू झूठ बोलता है। कुएँ से बड़ा कुछ होता ही नहीं। समुद्र भी कुछ नहीं होता है. तू बकता है।"

कुएँ के मेढक वाली कथा इस प्रसंग में चरितार्थ होती है कि जितना अध्ययन होगा उतना अपने अज्ञान का आभास होगा। आज जीवन में पग-पग पर हमें ऐसे कुएँ के मेढक मिल जाएँगे, जो केवल यही मानकर बैठे हैं कि जितना वे जानते हैं, उसी का नाम ज्ञान है, उसके इधर-उधर और बाहर कुछ भी ज्ञान नहीं है। लेकिन सत्य तो यह है कि सागर की भाँति ज्ञान की भी कोई सीमा नहीं है। अपने ज्ञानी होने के अज्ञानमय भ्रम को यदि तोड़ना हो, तो अधिक-से-अधिक अध्ययन करना आवश्यक है। जितना अधिक अध्ययन किया जाएगा, भ्रम टूटेगा और ऐसा आभास होगा कि अभी तो बहुत कुछ जानना और पढ़ना शेष है।

अध्ययन के विभाग भी तो अनेक हैं। विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, धर्म, दर्शन, साहित्य आदि ऐसे विभाग हैं जिनके एक भी उपविभाग में व्यक्ति संपूर्णता प्राप्त नहीं कर सकता तो अनंत विभागों में संपूर्ण होने का प्रश्न ही कहाँ उठता है। हाँ, इतना अवश्य निश्चित है कि अधिकाधिक अध्ययन करते रहने से एक मानसिक परितोष, आनंद और शांति अवश्य प्राप्त होती है। उसके आगे और अध्ययन करने की जिज्ञासा भी उत्पन्न होती है। अधिक अध्ययन करने से मनुष्य के हृदय की संकीर्णता समाप्त हो जाती है तथा उसका दृष्टिकोण उदार होता जाता है। सतत अध्ययनशीलता और दृष्टि की उदारता शनैः शनैः व्यक्ति को पूर्णता और पवित्रता की ओर ले जाती है।

सतत अध्ययन एक ओर नई दिशाएँ देता है, तो दूसरी ओर पुरानी मान्यताएँ दूर कर नई स्वस्थ मान्यताओं की स्थापना में भी सहायक होता है। उदाहरणार्थ, भारत में बैठकर हम पश्चिमी अथवा अन्य किसी समाज व राष्ट्र की सभ्यता की निंदा करते रहते हैं। लेकिन जब उसी सभ्यता को स्वयं आँखों से देखते हैं अथवा उसके विषय में विस्तार से पढ़ते हैं,

अध्ययन करते हैं, तो हमारी मान्यताएँ बदल भी जाती हैं। सतत अध्ययन मनुष्य की आंतरिक सत्प्रवृत्तियों को विकसित करता है, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उन्नति द्वारा, मनुष्य की पाशविक प्रवृत्तियों को दूर कर उसे शुद्ध और पवित्र बनाता है; मनुष्यता की सच्चे अर्थों में प्राप्ति करता है।

1) 'कुएँ का मेढक' से क्या तात्पर्य है? 'समुद्र का मेढक' किसका प्रतीक है? आज पग - पग पर कैसी सोच के लोग मिल जाते हैं ?

ii) अध्ययन करना क्यों आवश्यक है? अध्ययन के कितने विभाग हैं?

iii) जीवन को नई दिशा कब मिलती है? मान्यताओं की स्थापना के लिए कौन-सा उदाहरण दिया गया है?

iv) जिज्ञासा पैदा करने में अध्ययन किस प्रकार सहायक होता है?

v) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक और सीख लिखिए।

Question 4

Answer the following according to the instruction given:-

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार लिखिए -**

I) 'यथार्थ ' का विलोम बताइए -

(a) कल्प

(b) अल्प

(c) कल्पित

(d) अल्पित

(ii) ‘ समीप ’ का पर्यायवाची बताइए -

(a) आसन्न ,पूर्ण

(b) निकट,अखिल

(c) मंडली, झुंड

(d) सन्निकट, आसन्न

(iii) ‘ विचार’ का विशेषण बताइए -

(a) वैचारिक

(b)वैचारीक

(c)वैचरिक

(d)वैचरीक

(iv)‘ मना ’ का भाववाचक संज्ञा बताइए -

(a) मानही

(b) मनाही

(c)मनही

(d) मनहि

(v) ‘ नुक्ताचीनी करना ’ मुहावरे का अर्थ बताइए -

(a) टीका करना

(b) टोकना

(c) बहुत बोलना

(d) टीका टिपण्णी करना

(vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

पुलिस ने कागजों का <u>निरीक्षण</u> किया ।

(रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द का प्रयोग कीजिए)

a) पुलिस ने कागजों का पर्यवेक्षण किया ।

b) पुलिस ने कागजों की परख की ।

c) पुलिस ने कागजों की जाँच की ।

d) पुलिस ने कागजों की पूछताछ की ।

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

आज्ञाकारी युवक अपने पिताजी से बात कर रहा है । (वाक्य में लिंग बदलिए )

a) आज्ञाकारी युवती अपने माताजी से बात कर रहा है ।

b) आज्ञाकारिणी युवती अपनी माताजी से बात कर रही है ।

c ) आज्ञाकारिणी युविका अपनी माताजी से बात कर रही है ।

d ) आज्ञाकारी युवक अपनी माताजी से बात कर रहा है ।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

वास्तव में हम सब प्रकृति के बालक हैं। (वाक्य में "माँ" शब्द का प्रयोग कीजिए)

a) वास्तव में हम सब प्रकृति को माँ समझते हैं।

b) वास्तव में प्रकृति हम सब की माँ है।

c) वास्तव में प्रकृति माँ की तरह हमारा पालन करती है।

d) वास्तव में प्रकृति को हमें अपनी माँ समझना चाहिए।

**( SECTION - B - 40 marks )**

**(Attempt four questions from this section)**

**( You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from same books.)**

**साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ**

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

**' दूसरे दिन नैनीताल स्वर्ग के किसी काले गुलाम पशु के दुलार का वह बेटा - वह बालक निश्चित समय पर हमारे होटल ' डि पव' में नहीं आया' ।**

i) **'वह बालक ' कौन है? वह लेखक और उनके मित्र को कहाँ मिला था ?** **[2]**

ii) **लेखक और उनके मित्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।** **[2]**

iii) **अपना अपना भाग्य कहानी का उद्देश्य क्या है?** **[3]**

iv) **यह कहानी आपके अंतर्मन पर क्या प्रभाव छोड़कर जाती है?समझाइए ।** **[3]**

**Question 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

**'ठाकुर साहब बड़े धर्म संकट में थे कि आनंदी का विवाह कहाँ करे?'**

**i)** **आनंदी का परिचय दीजिए।** **[2]**

**ii)** **ठाकुर भूपसिंह के विषय में एक अनुच्छेद लिखिए।** **[2]**

**iii)** **किसके विवाह को लेकर ठाकुर साहब परेशान थे और क्यों?** **[3]**

**iv)** **क्या कारण था कि भूपसिंह ठाकुर श्रीकंठ के स्वभाव पर रीझ गए ?** **[3]**

**Question 7**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

**"नगरपालिका थी तो कुछ - न - कुछ करती भी रहती थी।**

**i) कस्बे का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । [2]**

**ii) नगरपालिका के विषय में लेखक ने क्या कहा है। [2]**

**iii) हालदार साहब कौन हैं?उनका परिचय देते हुए उनका चरित्र चित्रण भी कीजिए। [3]**

**iv) कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए। [3]**

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

**बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की**
**'बरस बाद सुधि लीन्हीं'**
**बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,**
**हरसाया ताल, लाया पानी परात भर के।**

**(i) 'जुहार' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि पीपल के सन्दर्भ में कवि ने क्या कहा है। [2]**

**(ii) 'बरस बाद सुधि लिन्ही 'का भाव स्पष्ट करते हुए समझाइए कि ऐसा किसने और क्यों । [2]**

**(iii) 'लता' की तुलना कवि ने किससे एवं किस तरह से की है? स्पष्ट कीजिए। [3]**

**iv) 'हरसाया ताल, लाया पानी परात भर के' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवि क्या कहना चाहते हैं। [3]**

**Question 9**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

प्रभु के दिए हुए सुख इतने
हैं विकीर्ण धरती पर
भोग सकें जो उन्हें जगत में
कहाँ अभी इतने नर ?
तब हो सकते तुष्ट, एक सा
सब सुख पा सकते हैं
चाहें तो पल में धरती को
स्वर्ग बना सकते हैं।

I) धरती पर किसका दिया हुआ क्या फैला हुआ है स्पष्ट कीजिए। [2]

Ii) उपर्युक्त पंक्तियों में किसने, किसको, कब उपदेश दिया है? स्पष्ट कीजिए। [2]

Iii) 'भोग सकें जो उन्हें जगत् में' से क्या तात्पर्य है? कवि ने ऐसा क्यों कहा है? [3]

Iv) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

मनुज-मनुज, सुख भाग, सम, शमित, कोलाहल, परस्पर [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए -**

मैया मेरी, चंद्र खिलौना लैहों।
धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहों।
मोतिन माल न धरिहों उर पर, झुंगली कंठ न लैहों।
जैहों लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहों।
लाल कहैहों नन्द बबा को, तेरो सूत न कहैहों।
कान लाय कछु कहत जसोदा, दाउहिं नाहिं सुनैहों ।
चंदा हूं ते अति सुंदर तेहि, नवल दुलहिया ब्येहो।
तेरी सौ मेरी सुन मैया, अबही ब्याहन जैहों।

' सूरदास' सब सखा बराती, नूतन मंगल गैहों।

I) उपर्युक्त पंक्तियों में बालक कृष्ण किस बात को लेकर ज़िद कर रहे हैं और क्यों? [2]

Ii) खिलौना नहीं मिलने की स्थिति में वह क्या-क्या नहीं करने की बात कह रहे हैं? [2]

Iii) कवि का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए। [3]

Iv) शब्दार्थ ; [3]

धौरी, बेनी, तेरो सौ , सुत , दाउहिं , उर